RESOURCE DEVELOPMENT be be pleased to state.-

(a) whether it is a fact that the inscriptions on the Narsingha temple of Puri in Orissa which remained hidden for centuries under the layers of dust and plaster, have recently been discovered;

(b) whether it is also a fact that despite several independent historians volunteering to try to decipher the stone carvings, the archaeological authorities have not allowed them to do so;

(c) if so, what are the reasons there for; and

(d) what steps Government are taking to have these inscriptions deci phered?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI L. P. SHAHI): (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir. It is the normal policy of Archaeological Survey of India to grant permission to scholars.

(c) Question does not arise.

(d) Out of the 58 inscriptions brought to light from the Narsingha temple in the Lord Jagannath temple complex at Puri, 17 have already been published and the remaining 41 are under examination of the Epigraphy Branch of the Archaeological Survey of India for proper decipherment.

रेलवे परियोजनाओं की लागत में वृद्धि

1466. **श्री मोर्जा ईशविबेग :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले 10 वर्षों के दौरान कितनी रेलवे परियोजनाएं शुरू की गयी और लम्बित पड़ी हैं, प्रति वर्ष रेल मंत्रालय द्वारा रेल लाइनों को परिवर्तित करने और नयी रेल लाइनें बिछाने के लिए कितनी-कितनी धनराशि की मांग की गयी, और इस मांग को किस सीमा तक पूरा किया गया ;

(ख) इन परियोजनाओं में से प्रत्येक की अनुमानित लागत कितनी-कितनी थी और इन्हें शुरू करने के विलम्ब के कारण इनकी लागत में कितनी-कितनी वृद्धि हुई ;

(ग) ये परियोजनाएं कब तक पूरी हो जाने की संभावना है और इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या रेल मंत्रालय को इन परियोजनाओं को बन्द करने की सलाह दी गयी है यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) 1978–79 में अथवा इससे पहले अनुमोदित और जो अभी तक पूरी तरह चालू नहीं हुई है, उन नयी लाइन और आमान परिवर्तन परियोजनाओं के ब्यौरे अनुमोदित और संशोधित लागत के अनुमानों सहित संलग्न विवरण-I में दिये गए हैं (नीचे देखिए) ।

वर्ष 1979-80 के बाद नयी लाइनों के लिए, वार्षिक योजना में मांगी गयी, राशि और योजना आयोग द्वारा अनुमोदित राशि का ब्यौरा विवरण-II (नीचे देखिए) में दिया गया है। तथापि, आमान परिवर्तन योजना शीर्ष लाइन क्षमता निर्माण का एक भाग है । इसलिए आमान परिवर्तन के लिए मांगे गए धन और अनुमोदित धन का अलग-अलग ब्यौरा उपलब्ध नहीं है । इन वर्षों के लिये रेलवे बजट में ऐसे कार्यों के लिये वास्तविक परिव्यय की व्यवस्था का विवरण अनुबंध II में दिया गया है ।

(ग) उपर्युक्त परियोजनाओं की प्रगति और पूरा होना आगामी वर्षों में संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा ।

(घ) संसाधनों का आवंटन और वर्तमान वचनबद्धताओं को ध्यान में रखते हुये अनुमोदित सूची में से कुछ परियोजनाओं को निकालने के लिये आवधिक सीमायें की गयी हैं ।

विवरण–I

मूल और वर्तमान लागत के साथ 10 वर्ष अथवा अधिक समय से लम्बित पड़ी नयी लाइन एवं आमान परिवर्तन की परियोजनाएं

(करोड़ रुपयों में)

क्रम सं०	कार्य का नाम	अनुमोदन का वर्ष	मूल अनुमोदित लागत	संशोधित लागत
	नयी लाइनें			
1.	धर्मनगर-कुमारघाट . . .	78–79	9.67	37.10
2.	बालापाड़ा-भालुकपोंग . . .	78–79	4.70	14.18
3.	सिलचर-जिरीबाम . . .	78–79	12.13	34.48
4.	लालाबाजार-मैराबी . . .	78–79	10.76	32.85
5.	रामपुर-न्यू हलद्वानी . . .	74–75	12.98	38.52
6.	आमगुड़ी-तुली . . .	78–79	4.83	8.78
7.	हावड़ा-शिपाखला . . .	72–73	3.50	12.00
8.	सकरी-हसनपुर . . .	74–75	4.75	25.00
9.	हावड़ा-आमता/चम्पाडांगा . .	74–75	10.72	60.00
10.	जखपुरा–बांसपानी . . .	74–75	39.00	121.00
11.	कपड़बंग-मोडाला . . .	78–79	5.30	30.00
12.	बगहा-छितौनी . . .	74–75	6.74	40.00
				60.00
			रेलवे	विभागीय
	आमान परिवर्तन			
1.	गुन्टूर-मचेरला . . .	74–75	8.15	60.07
2.	मुरादाबाद-रामनगर . . .	74–75	7.50	19.75

(करोड़ रुपयों में)

क्रम सं०	कार्य का नाम	अनुमोदन का वर्ष	मूल अनुमोदित लागत	संशोधित लागत
3.	वाराणसी-भटनी . . .	77–78	13.91	70.75
4.	मनमाड-परभनी-पर्ली वैजनाथ .	73–74	28.00	140.00
5.	समस्तीपुर-दरभंगा . . .	74–75	4.75	15.00
6.	काशीपुर-लालकुआं . . .	74–75	9.07	20.00
7.	नडियाद-कपड़वंज . . .	78–79	4.05	15.00

विवरण--II

नयी लाइनों के लिए वार्षिक योजना में मांगी गयी और अनुमोदित लागत राशि और 1979-80 के बाद से आमान परिवर्तन के लिए की गयी धन की व्यवस्था

(करोड़ रुपयों में)

वर्ष	नयी लाइनें		आमान परिवर्तन
	वार्षिक योजना में मांगी गयी राशि	वार्षिक योजना में अनुमोदित राशि	रेलवे बजट में की गयी व्यवस्था
1979-80	53	42	41.41
1980-81	42	40	44.80
1981-82	71	56	45.09
1982–83	97	67	30
1983-84	100	70	50
1984-85	120	90	51.72
1985-86	140	65	30.40
1986-87	200	116	50
1987-88	205	170	50
1988-89	250	195	60